तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



12 दुर्गूकोंदल नव युवक-युवती समिति के अध्यक्ष ...





12 राज ठेठवार समाज की बैठक में रीति नीति पर...




## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक की मौत फरार चालक की तलाश दर्ज



**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत लामकन्हार के वेयर हाऊस के पास सड़क दुर्घटना में युवक की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक अंतागढ़ थानांतर्गत सेमरापारा निवासी 31 वर्षीय रूपेश चुरपाल पिता स्व. श्यामसुन्दर चुरपाल 21 अप्रैल को अपने छोटे भाई ईश्वर चुरपाल को बाहर काम करने जा रहा हुं कहकर घर से निकला था। अगले दिन 22 अप्रैल को सोशल मिडिया के जरिए पता चला कि रूपेश चुरपाल का नवनिर्माणाधीन वेयर हाऊस लामकन्हार मेन रोड़ के पास एक्सीडेंट हो गया है। जिसे जाकर देखे तो रूपेश चुरपाल को अंतागढ़ अस्पताल ले गए थे। पूछताछ करने पर आसपास के लोगों ने बताया कि रात करीबन 12 से 5 बजें के मध्य अज्ञात वाहन के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक के सिर, दोनों हाथों, दोनों घुटनों, दाहिने पैर, दाहिने कमर एवं बांए कन्धे में चोट लगने से मौत हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### उप मुख्यमंत्री अरूण साव आज कांकेर में

**कांकेर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव 28 अक्टूबर मंगलवार को कांकेर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे प्रातः साढ़े 11 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर डेढ़ बजे विश्राम गृह कांकेर पहुंचेंगे, तत्पश्चात गोविंदपुर के खेल मैदान में आयोजित बस्तर ओलंपिक 2025 के विकास खंडस्तरीय प्रतियोगिता कांकेर का शुभारंभ करेंगे। उसके बाद वे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



### जहर खाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत बेलगाम निवासी 40 वर्षीय लीलाधर पवार ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन उसका मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खाया था। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था, लेकिन उसका 25 अक्टूबर को रात करीबन 9 बजें मौत हो गया। मृतक ने जहर क्यो खाया था यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### चालक के खिलाफ अपराध कायम



**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने विवेचना में पाया कि 25 अगस्त को मृतक गोण्डाहुर थानांतर्गत पीवही 16 कल्याणपुर निवासी 60 वर्षीय पुलीन बैरागी पिता तारापद बैरागी बैंक काम से मोपेड वाहन से पखांजूर आया था। बैंक से पैसा निकाल कर घर वापस जा रहा था। पेट्रोल पम्प पखांजुर के पास दोपहर करीबन 2 बजें पीछे से मोटर सायकल के द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक के सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई थी। आरोपी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 3477 के चालक ग्राम हरनगढ़ निवासी 24 वर्षीय गोविंद मरकाम पिता डोमार मरकाम के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## आपरेशन : पुलिस ग्रामीणों के माध्यम से पतासाजी करने में जुटी

# कांकेर के बिनागुंडा इलाके में सक्रिय तीस नक्सलियों की सरगर्मी से तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कुएमारी और किसकोड़ो के पदाधिकारी और सदस्य के

- हथियार डालने वाले नक्सली पहले ग्रामीणों के साथ करते हैं बैठक, फिर छोड़ रहे हथियार



कामयाबी : दोनों कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का खुलासा शीघ्र

कुएमारी एवं किसकोड़ो एरिया कमेटी खत्म जिले का आधे से ज्यादा जंगल हुआ आजाद

मुख्यधारा में लौट जाने के बाद भी कांकेर के बिनागुंडा इलाके में लगभग 30 नक्सली सक्रिय है, जिसमें फागू और रूपी का नाम प्रमुख रूप से सामने आ रहा है। अंदरूनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीणों के मध्य यह चर्चा है कि रूपी हथियार डालने के विचारधारा में नहीं है, वहीं फागू के बारे में हल्ला है कि बीजापुर में हथियार डाल सकता है। फागू विगत कई दिनों से कांकेर के अबूझमाड़ सीमा से लगे इलाके में सक्रिय है। हथियार छोड़ने वाले कुएमारी और किसकोड़ो कमेटी के नक्सली मौन साधे हुए है। पुलिस मीडिया के सामने जब लाएगी और मीडिया से कान्फ्रेंस करेगी, तभी कोई तस्वीर सामने आ पाएगी। कांकेर के बिनागुंडा इलाके में सक्रिय लगभग 30 विभिन्न कैडर और कंपनी के नक्सली में से कुछ का संपर्क गांव वालों से है, परंतु यह अभी अपभ्रंश की स्थिति में है कि हथियार छोड़े या न छोड़े। इस टीम में रूपी के होने की बात सामने आ रही है, जो बड़ा चेहरा है। पुलिस ने एक साल पहले जो 2020 का रिकार्ड जारी किया था, उसके अनुसार रूपी मेढ़की एलजीएस कमांडर थी। 2024 की बैठक में इसके कद को बढ़ाया होगा। 2024 में जो कद बढ़ाया गया, उसका रिकार्ड नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि रूपी का अभी कैडर क्या है, परंतु यह आंध्रप्रदेश की निवासी है और विजय रेड्डी की पत्नी है। विजय रेड्डी आरकेबी डिवीजन का प्रमुख था, परंतु कुछ माह पहले मानपुर जिले में एक पहाड़ में हुए मुठभेड़ में मारा गया था। कांकेर पुलिस लगातार अपनी टीम से जंगल में विभिन्न दलम के घूम रहे लगभग 30 पदाधिकारी एवं सदस्यों की पतासाजी में जुटी हुई है। पुलिस ▶▶| शेष पेज 10 पर

### रामदेर और ललिता की तलाश जारी

उत्तर बस्तर में रामदेर और ललिता बड़ा नाम है, इनके द्वारा अभी तक हथियार नहीं छोड़े है और इनके मूवमेंट की जानकारी भी अभी किसी के पास नहीं है। हथियार छोड़कर आने वाले भी इनके बारे में अभी तक कुछ खुलासा नहीं कर पाए है। नार्थ बस्तर के कंपनी नंबर 05 एवं अन्य दलम के नक्सली जो जगदलपुर में हथियार डाले है, उनके कांकेर आने के बाद ही पता चल पाएगा कि रामदेर और ललिता कहाँ है। रामदेर और ललिता की तलाश में पुलिस लगी हुई है। अंदरूनी इलाके के ग्रामीणों की मानें तो इनका मूवमेंट बिनागुंडा इलाका में नहीं है। अंदरूनी इलाके के ग्रामीणों का कहना है कि यह महाराष्ट्र या मध्यप्रदेश की ओर जा सकते है।

### पुलिस जानकारी नहीं कर रही साझा

कुएमारी और किसकोड़ो एरिया कमेटी के हथियार डालने वाले नकसलियों के बारे में जिले के कई पुलिस अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु एक भी अधिकारी कुछ ज्यादा जानकारी नहीं दे रहे है। सभी अधिकारियों का कहना है कि प्रेस कान्फ्रेंस में ही जानकारी साझा किया जाएगा, अभी कुछ भी नहीं बताया जा सकता है। हथियार डालने वालों से पुलिस ने क्या जानकारी जुटाई, वो प्रेस कान्फेंस में खुलासा होने की संभावना बन रही है।

## वर्षा से धान की फसल सड़ी, क्षतिपूर्ति के लिए किसानों ने की तुरंत सर्वे की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

क्षेत्र में हुई लगातार बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में खड़ी धान की फसल पूरी तरह पानी में गिरकर सड़ गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने बीमा कंपनी एवं शासन प्रशासन से तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

ग्राम पटेल लालजी राम दुग्गा ने बताया कि इस बार बारिश का दौर ऐसे समय में आया जब किसानों ने धान की कटाई की तैयारी कर रखी थी, लेकिन अचानक हुई भारी बारिश से खेतों में पानी भर गया और पकने की स्थिति में आई फसलें बर्बाद हो गईं। कई किसानों की फसल पूरी तरह सड़ चुकी है, जिससे वे निराश और हताश हैं। किसान बरसन दुग्गा, बिरसिंग दुग्गा, भूपेंद्र दुग्गा, जगनू दुग्गा, नरेंद्र जैन, संजय उसेंडी, डुमेश्वर जैन, शंकर दीवान, मांगिया यादव, श्यामलाल दुग्गा, समलू कोरेटी, ललित दुग्गा, बिशेष दुग्गा, अशोक मंडावी सहित अनेक किसानों ने बताया कि बारिश से फसल को भारी क्षति पहुंची है। खेतों में पानी भरने से धान की बाली सड़ चुकी है और जिन किसानों ने फसल बीमा कराया था, वे अब बीमा कंपनी से मुआवजे की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

किसानों ने बताया कि खेतों की हालत देखने लायक नहीं है, कटाई योग्य फसल पूरी तरह गिर चुकी है, जिससे मजदूरी और परिवहन खर्च भी बढ़ गया है। किसानों ने कहा कि यदि प्रशासन और बीमा कंपनी जल्द सर्वे नहीं करती, तो नुकसान की भरपाई नामुमकिन हो जाएगी। किसानों ने शासन से मांग की है कि क्षेत्र का त्वरित सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को फसल बीमा योजना के तहत उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। साथ ही जिन किसानों ▶▶| शेष पेज 10 पर



## 178वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने लिया भ्रष्टाचार-मुक्त भारत बनाने का संकल्प


हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर 178 वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल दुर्गुकोंदल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 27 अक्टूबर को बटालियन मुख्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें सभी अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के दौरान कार्यवाहक कमांडेंट शैलेन्द्र शर्मा ने समस्त बल सदस्यों को सतर्कता और निष्ठा की शपथ दिलाई। कहा कि भ्रष्टाचार उन्मूलन और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक अधिकारी और जवान को अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और निस्वार्थ भाव से करना चाहिए। उन्होंने बल के भीतर नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सुसंस्कृत कार्यसंस्कृति के प्रसार की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। सतर्कता केवल एक सप्ताह तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह हर अधिकारी और जवान के दैनिक कार्य का अभिन्न हिस्सा बननी चाहिए। भ्रष्टाचार समाज और राष्ट्र दोनों के विकास में बाधक है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर पारदर्शिता और ईमानदारी का पालन सुनिश्चित करना चाहिए।

इस अवसर पर उप समादेष्टा गुरु चरण सिंह तथा सहायक समादेष्टा एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित रहें। अधीनस्थ अधिकारीगण, जवानों और कर्मचारी वर्ग ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने भी अपने विचार ▶▶| शेष पेज 10 पर

## घोटियावही में खुलेआम शराब की अवैध बिक्री से ग्रामीणों में आक्रोश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दुधावा चौकी क्षेत्र के घोटियावही गांव में खुलेआम अवैध शराब बिक्री होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं हो रही है। ग्रामीणों की माँग है कि खुलेआम शराब बिक्री करने वालों पर कार्यवाही किया जाए।

- ग्रामीणों ने सोशल मीडिया में वीडियो बनाकर किया वायरल

गांव के लोगों का कहना है कि लंबे समय से कुछ लोग खुलेआम शराब बेच रहे हैं, जिससे क्षेत्र में नशे की लत और अपराध दोनों बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार दुधावा चौकी में शिकायत किया, लेकिन हर बार सिर्फ यह कहकर टाल दिया गया कि देखता हूं, भेजा था पर नहीं मिला। दुधावा चौकी की टीम के द्वारा बरती जा रही निषक्रियता से नाराज ग्रामीणों ने अब अवैध शराब बिक्री का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कारोबार क्षेत्र में बेखौफ जारी है, जिससे गांव का माहौल बिगड़ता जा रहा है और युवाओं में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि घोटियावही और आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में शांति और कानून व्यवस्था कायम रह सके। सोशल मीडिया में ग्रामीणों के द्वारा वायरल वीडियो कर दिया है और ग्रामीणों का कहना है कि अब तो कार्यवाही होगी। ग्रामीणों का कहना है कि इसके बाद भी कार्यवाही नहीं हुई तो आने वाले समय में पूरा गांव उठकर कांकेर जिला मुख्यालय में कलेक्टोरेट में आंदोलन करेगा।

## रिसेवाड़ा में नया धान खरीदी केंद्र खोलने की ग्रामीणों ने मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बनसागर




लेम्पस अमोड़ा क्षेत्र के किसानों ने रिसेवाड़ा में नया धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग किया है। ग्रामीणों ने बताया कि लेम्पस अमोड़ा के अंतर्गत कुल 14 ग्राम आते हैं, जिनमें से केवल दो केंद्र चंवाड और अमोड़ा के माध्यम से किसानों का धान खरीदा जाता है। इनमें चंवाड केंद्र पर मात्र चार ग्राम चंवाड, रामपुर, जुनवानी और साल्हेटोला के किसानों का धान आसानी से खरीदा जाता है, जबकि बाकि 10 ग्रामों के किसानों को अमोड़ा केंद्र तक लंबी दूरी तय कर पहुंचना पड़ता है।

किसानों का कहना है कि अमोड़ा धान खरीदी केंद्र में अत्यधिक भीड़ और सीमित व्यवस्था के कारण टोकन काटने से लेकर धान विक्रय तक में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार किसान पूरे दिन लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन टोकन न मिलने के कारण उन्हें लौटना पड़ता है। खेतों से धान ढोने में भी अतिरिक्त खर्च और श्रम लग रहा है। ग्राम रिसेवाड़ा, बनसागर, अमोड़ा, बागोड़, भैसमुड़ी, कोरामपारा, भरीपारा, गोहानपारा, कनहनपुरी और मुजालगोदी के किसानों ने संयुक्त रूप से मांग की है कि ग्राम रिसेवाड़ा में नया धान खरीदी केंद्र स्वीकृत किया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि यदि रिसेवाड़ा में नया केंद्र खुलता है तो इन 10 ग्रामों के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और वे आसानी से अपनी उपज विक्रय कर सकेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस विषय पर पहले भी विधायक को ज्ञापन सौंपा था, किंतु अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। इस बार वे पुनः विधायक और जिला कलेक्टर से मिलने पहुंचे, परंतु अवकाश के कारण कार्यालय बंद था। यदि शासन इस वर्ष भी नया केंद्र स्वीकृत नहीं करता, तो किसान पुनः आंदोलन की राह अपनाने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि शासन द्वारा दी जा रही धान खरीदी योजना का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब प्रत्येक क्षेत्र में किसानों की सुविधा के अनुसार खरीदी केंद्र खोले जाएं। रिसेवाड़ा में नया केंद्र खुलने से परिवहन लागत घटेगी, समय बचेगा और बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी। किसानों ने मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग से तत्काल रिसेवाड़ा में नया धान खरीदी केंद्र स्वीकृत करने की मांग किया है, ताकि किसानों को न्याय और राहत दोनों मिल सके। मांग करने वाले किसानों में किशोर मंडावी, रामेश्वर यादव, अजीत सिंह, चंद्रधर सिंह, योगेश राजपूत, हीरालाल कुंजाम, सुरेश कुमार पटेल, रेखुराम पटेल, बाला दास मानिकपुरी, अंजोरी जरी, कमलेश्वर नेताम, रिकेश्वर कोडोपी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहें।

## पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने छठमइया की पूजा-अर्चना की

# दुधावा व डढ़िया तालाब में छठ महापर्व की धूम व्रतधारी महिलाओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आस्था और श्रद्धा के महापर्व छठ के तीसरे दिन रविवार की शाम महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य

- व्रत से शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि होती है और आत्मबल का होता है विकास

अर्पित कर भगवान सूर्य से अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना किया। व्रतधारी महिलाएँ सुबह से निर्जला उपवास रखकर संध्या बेला में शहर के दुधावा एवं डढ़िया तालाब के घाट पर एकत्रित हुईं। हाथों में सूप, फल, ठेकुआ और नारियल लिए महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित दिखीं। छठ मइया के गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया।





शहर के प्रमुख जलाशय दुधावा एवं डढ़िया तालाब के घाट में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर, सिर पर सूप में फल, ठेकुआ, नारियल, गन्ना और केले रखकर जलाशयों की ओर जाती दिखीं। हर घाट पर छठ मइया के गीतों की मधुर ध्वनि गूंज रही थी केलवा जे फरेला घवद से ओ पिया, इन गीतों ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया था। छठ व्रत करने वाली महिलाओं का चेहरा भक्ति से आलोकित था। दिनभर निर्जला उपवास के बाद शाम को जब सूर्य पश्चिम की ओर झुकने लगा, तो महिलाओं ने अपने परिवार और समाज के कल्याण के लिए जल में खड़े होकर सूर्य देव को अर्ध्य अर्पित किया। चारों ओर दीपक की लौ, फूलों की खुशबू और जल पर प्रतिबिंबित सूर्य की अंतिम किरणें मिलकर एक दिव्य दृश्य बना रही थीं।

### आस्था का पर्व और वैज्ञानिक दृष्टिकोण

छठ व्रत को धार्मिक मान्यता के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। यह पर्व प्रकृति, सूर्य और जल के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। सूर्य को जीवनदायी ऊर्जा का स्रोत मानते हुए व्रती महिलाएँ सूर्य की आराधना करती हैं। यह व्रत शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि का भी प्रतीक है। आयुर्वेदिक दृष्टि से, छठ के दौरान सूर्य की किरणों के संपर्क में आने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है और कई बीमारियाँ स्वतः दूर हो जाती हैं। यही कारण है कि यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है।

### चार दिनों की कठोर तपस्या का तीसरा चरण

छठ पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है, इसके बाद खरना, संध्या अर्ध्य और फिर उषा अर्ध्य से इसका समापन होता है। रविवार का दिन पर्व का तीसरा चरण था, जब महिलाएँ संध्या बेला में डूबते सूर्य को अर्ध्य देती हैं। इस दिन व्रती महिलाएँ पूरे दिन निर्जला रहती हैं और शाम को सूर्यास्त के समय पूजा संपन्न करती हैं।

### प्रसाद और लोकपरंपरा का संगम

संध्या अर्ध्य के बाद महिलाओं ने मिट्टी के दीयों में घी का दीप जलाकर पूजा संपन्न की। इसके बाद उन्होंने अपने घरों में वापस लौटकर प्रसाद वितरित किया। ठेकुआ, चावल से बने लड्डू, केला, गन्ना, नारियल और मौसमी फल इस प्रसाद का मुख्य हिस्सा रहे। इन प्रसादों का भी एक विशेष अर्थ है यह प्रकृति की विविधता और सरलता का प्रतीक हैं।

## सत्संग में की समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के तरीकों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





जामगांव में विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा आयोजित सत्संग कार्यक्रम में सत्संग और बजरंगदल के मिलन केंद्र का अवलोकन किया गया और इन केंद्रों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के तरीकों पर चर्चा किया गया। संगठन के विस्तार और गुणवत्ता पूर्ण करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री बसंत रथ, अखिल भारतीय सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा, प्रांत सत्संग प्रमुख और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में चर्चा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व हिन्दू परिषद के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना था। सामाजिक सेवा के कार्यों को बढ़ावा देने और लोगों की मदद करने के तरीकों पर भी चर्चा किया गया। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने समाज सेवा और संगठन के विस्तार के लिए अपने विचार और सुझाव साझा किए। इस अवसर पर पीलू राम साहू, अखिलेश चंन्द्रोल, मुन्ना चौलेन्द्र तिवारी, धर्मेंद्र सुरुजिया, गौकरण सिन्हा, मनीष बघेल, गौरव शोरी, सतीश राठौर, आलोक कौशिक,हरीश राठौर, संजीव कुमार, अमन ध्रुव, बिशंकर नेताम और दुर्गा वाहिनी प्रखंड संयोजिका भावना सिन्हा, सह संयोजिका आरुषि नाग, खंड सह सत्संग प्रमुख दामिनी यादव, झरना यादव सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

